मूल्य – 5 रु.

# तारांशु

मासिक
अक्टूबर – 2017
वर्ष 6, अंक 1, पृ.सं. 20

Tara
बुजुर्गों के लिए...

दीपावली की अनेक शुभकामनाएँ



तारा संस्थान की एक लाभार्थी श्रीमती प्रेमलता जोशी
दीपावली की तैयारियों में व्यस्त


नई इमारत को निहारते वृद्धजन


परिसर में प्रवेश करते हुए


हॉल में खुश वृद्धजन

# आनन्द वृद्धाश्रम वासी नवीन परिसर के अवलोकन पर

## आनन्द वृद्धाश्रम नवीन परिसर के निर्माण हेतु योगदान योजना

आनन्द वृद्धाश्रम में वर्तमान में 45 बेड हैं और प्रतिमाह 2 के औसत से जानकारी मांगी जाती है जो वृद्धाश्रम में रहना चाहते हैं। जगह खाली नहीं होने की वजह से भविष्य में किसी भी बुजुर्ग को निराश नहीं लौटाना पड़े इस विचार के साथ तारा संस्थान ने बैंक लोन लेकर 7000 वर्ग फीट भूमि खरीदी। इस भूमि हेतु हमारे दानदाताओं ने मुक्तहस्त सहयोग किया। आशा है, अब नवीन परिसर निर्माण हेतु भी आप समस्त भामाशाह उसी प्रकार खुले दिल से सहयोग करेंगे।

भवन निर्माण सौजन्य राशि :

| भवन निर्माण ''दधिचि'' | भवन निर्माण ''कर्ण'' | भवन निर्माण ''भामाशाह'' |
|---|---|---|
| रु. 1,00,000/- | रु. 51,000/- | रु. 21,000/- |



उम्र ना बढ़ने की एक सम्भावना है, लेकिन वो आपके अन्दर से आनी होगी।

आशीर्वाद
**डॉ. कैलाश 'मानव'**
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

आभार
**श्री एन.पी. भार्गव**
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान,
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

**श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा**
संरक्षक, उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

**श्री सत्यभूषण जैन**
संरक्षक, प्रमुख समाजसेवी, दिल्ली

**श्रीमती सुमन - श्री अनिल गुप्ता (ISKCON)**
संरक्षक, उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

प्रकाशक एवं सम्पादक
**कल्पना गोयल**

दिग्दर्शक
**दीपेश मित्तल**

कार्यकारी सम्पादक
**तख़्त सिंह राव**

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर
**गौरव अग्रवाल**

आवरण चित्र
**अरविन्द शर्मा**

तारांशु - वर्ष 6, अंक - 1, अक्टूबर - 2017

# अनुक्रमणिका

विषय ... पृष्ठ संख्या
आनन्द वृद्धाश्रम वासी नवीन परिसर के अवलोकन पर ....02
अनुक्रमणिका....03
खुशियों भरी दीपावली....04
परोपकारी श्री ओ.सी. जैन सा. ....05
आनन्द वृद्धाश्रम दीवाली....06
गौरी योजना दीवाली / शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर....07
कस्तूरी - 2017, दिल्ली....08
आनन्द वृद्धाश्रम : नए आवासी....09
गौरी योजना / तृप्ति योजना....10
तारा नेत्रालय विशेष ....11
विनम्र अपील / पत्रिका में भागीदारी ....12
मासिक न्यूज अपडेट - 1....13
मासिक न्यूज अपडेट - 2....14
नेत्रालय मासिक अपडेट्स : मोतियाबिन्द जाँच शिविर ....15-16
स्वागत....17
धन्यवाद....18
सम्पर्क सूत्र - तारा संस्थान....19

## आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव'
## संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर



श्रीमती कल्पना गोयल ( बाएं ) अपने पूज्य पिता डॉ. कैलाश ''मानव'' की सन्निधि में साथ में संस्थान सचिव श्री दीपेश मित्तल ( दाएं )

'तारांशु' - स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240-ए, हिरण मगरी, सेक्टर - 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच - III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन - II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक - श्रीमती कल्पना गोयल





# खुशियों भरी दीपावली

त्योहार कोई भी हो वो प्रतीक ही खुशियों का होता है और दीपावली तो हमारा सबसे बड़ा त्योहार है। हर व्यक्ति चाहे तो गरीब हो या अमीर अपने–अपने तरीके से खुशियाँ मनाता है और वैसे भी खुशी का मापदंड कभी भी धन रहा ही नहीं है। मेरा कभी भी यह मानना नहीं रहा कि व्यक्ति के पास धन नहीं होना चाहिये और मुझे यह लगता है कि अच्छा रहन–सहन बच्चों की अच्छी शिक्षा और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए धन भी आवश्यक है। लेकिन, साथ ही जीवन में खुशियाँ अनिवार्य रूप से होनी चाहिए चाहे हमारे यहाँ हर त्योहार पर लोग नाचते गाते हैं चाहे वो जन्माष्टमी का मटकी फोड़ हो या गणपति विसर्जन की धूम हो या नवरात्रि में गरबा हो और इस खुशी में सभी एक समान लगते हैं चाहे पाश कॉलोनी के निवासी हों या कच्ची बस्ती के। तारा संस्थान में भी तो आप और हम मिलकर खुशियाँ बांटने का काम ही तो कर रहे हैं, कैसे? वैसे तो आप जानते ही हैं लेकिन एक छोटी सी घटना बताती हूँ। अभी कुछ दिनों पहले मेरे पास माउंट आबू के पास के एक कस्बे सरूपगंज से कुछ युवा एक बुजुर्ग को लेकर आये। उन बुजुर्ग का नाम श्री विनोद अग्रवाल है, उन्हें लाने वालों ने बताया कि विनोद जी चाय का ठेला लगाते थे और इनका कोई परिवार नहीं है। विनोद जी को पैरालिसिस हो गया और शरीर का एक तरफ का हिस्सा काम नहीं कर रहा है और इस कारण वे कुछ काम नहीं कर पा रहे, सो ऐसे ही इधर–उधर रहकर जीवन गुज़ार रहे हैं। मैंने जब विनोद जी को देखा तो एकदम मलीन चेहरा और कपड़े, दुर्बल शरीर, एक पैर के नीचे गंदी सी पट्टी बंधी थी। पूछने पर पता चला कि चोट लगी थी सो पट्टी करवाई थी लेकिन पट्टी की दशा से प्रतीत हो रहा था कि बहुत दिन से पट्टी बदली नहीं थी। विनोद जी को नया घर मिल गया और हमें परिवार का नया सदस्य। विनोद जी को रहते कुछ दिन हो गए उनको अस्पताल भेज कर पट्टी भी नई करवाई और अब हर दूसरे दिन ड्रेसिंग भी हो रही है। अभी जब विनोद जी से मिलती हूँ तो लगता है कि एकदम दूसरा आदमी हो क्योंकि अच्छा खाना–पीना और मेडिकल केयर से उनका शरीर थोड़ा तंदरूस्त हुआ और निखर गया है। मन ही मन मैं उन युवकों को धन्यवाद देती हूँ जिन्होंने उस व्यक्ति की सुध ली जिससे उनका कोई रिश्ता नहीं था, पूरा पता करके उन्हें तारा तक पहुँचाया और कहा कि हम आते रहेंगे वरना आजकल किसको वक्त है बाजार में पड़े एक बीमार वृद्ध को सही जगह पहुँचाने का। तो जैसा मैंने कहा उन युवकों को सुख मिला किसी को सही आसरा दिलवाने का, हमें खुशी इस बात की कि विनोद जी स्वस्थ हो रहे और आप सब जो हमसे जुड़े हैं वो भी तो इस खुशी के भागीदार हैं क्योंकि आप न होते तो ये खुशियाँ न उन युवकों को मिलती न हमें और विनोद जी भी पता नहीं क्या करते। विनोद जी और उनके जैसे कुछ लोग जिन्हें एक वर्ष से कम तारा के आनन्द वृद्धाश्रम में हुआ है एक नये परिवार के साथ दीपावली मनाएँगे बिलकुल वैसे जैसे आप और हम मनाते हैं जैसा कि हम बचपन में दीपावली पर निबंध में लिखते थे कि दीपावली पर नये कपड़े पहनते हैं, दीपक जलाते हैं, लक्ष्मी जी के पूजा करते हैं, आतिशबाजी करते हैं, परिवार के लोग मिल बैठकर खुशियाँ बांटते हैं। तो बस वैसा ही परिवार हमारा आनन्द वृद्धाश्रम है जहाँ तो सब कुछ होता है। मेरे पास शब्द नहीं है आप सभी दानदाताओं को धन्यवाद देने का क्योंकि आप सहयोग न देते तो ये कुछ नहीं होता, विनोद जी के लिए वो ईश्वर कुछ सोच ही लेता लेकिन हम यह सुख कहाँ पर पाते...



**आप सभी को प्रणाम के साथ आपको और परिवार को दीपावली की ढेर सारी शुभकामनाएँ...**

आदर सहित...!

**कल्पना गोयल**



जिस देह से श्रम का पसीना नही निकलता, सौंदर्य उस देह को छोड़ देता है।

Tara बुजुर्गों के लिए...



# परोपकारी श्री ओ.सी. जैन सा.

नारायण संस्थान और फिर तारा संस्थान दोनों में मिलाकर देखूँ तो मुझे 16 वर्ष हो गए इस क्षेत्र में काम करते हुए और मुझे नहीं लगता कि इससे बेहतर कोई काम हो सकता है क्योंकि जिन लोगों को यहाँ से फायदा हो रहा है उनका प्यार तो मिलता ही है लेकिन जो सबसे बड़ा सुख है वह हमारे दानदाताओं से मिलने का। आप सोचिए हर धर्म हर समाज में ''परहित'' की बात कहीं गई है लेकिन वाकई में परहित करने वालों का प्रतिशत बहुत बड़ा नहीं है और इस छोटे से प्रतिशत के अच्छे लोगों का बहुत बड़ा प्रतिशत हमारे सम्पर्क में रहता है, हमें लाड़ करता है हमें आशीर्वाद देता है और हमेशा कहता है कि आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कोई भी ऐसा काम होगा जिसमें लोग बिना कुछ लिए पैसा दें और साथ में दुआएँ भी दें। तो ऐसे ही एक और महानुभाव के बारे में बताना चाहूँगा। तारा संस्थान के नये वृद्धाश्रम का काम शुरू हुआ तो बहुत से लोग जुड़ने लगे ऐसे ही एक महानुभाव श्री ओ.सी. जैन सा. हैं। रतलाम के रहने वाले जैन सा. एक शिक्षक रहे हैं और 43 वर्ष तक आपने अध्यापन का कार्य किया। श्री जैन सा. ने जयपुर के स्वामी आनन्दनन्द से योग शिक्षा प्राप्त की और वे अभी लगभग 80 वर्ष की आयु में भी योग और प्राकृतिक चिकित्सा सिखाते हैं। आपने इस क्षेत्र में 15000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित भी किया जो औरों को लाभ दे रहे हैं। इनमें से बहुत से विद्यार्थी ऐसे हैं जो खुद रोगी थे और बाद में ठीक होकर वो योग व प्राकृतिक चिकित्सक बने। श्री जैन सा. की पत्नी का अभी कुछ समय पूर्व ही स्वर्गवास हुआ है इतने लंबे समय के साथी का बिछड़ना दुःखद होता है लेकिन वे इस दुःख के साथ भी अपना सामाजिक कर्तव्य पूरी तरह निर्वहन कर रहे हैं। आप सबको निश्चित ही यह सामान्य सा जीवन लग रहा होगा और है भी लेकिन श्री जैन सा. जो असाधारण कार्य कर रहे हैं वो बहुत ही कम लोग कर पाते हैं। आपने बताया कि आप अपने जीवन में जो भी बचत होती थी उससे थोड़ी–थोड़ी जमीन रतलाम में ही ले लेते थे। समय बीतता गया तो जमीन की कीमतें बढ़ने लगी लेकिन उन्होंने अपना सर्वस्व समाज को समर्पित कर दिया। रतलाम में लगभग 4 बीघा जमीन आपने जैन समाज को दी। जैन तीर्थ विकास के लिए, जिसका मूल्य करोड़ों रुपये में था, रतलाम में योग भवन बनवाने में आपने खुद भी योगदान दिया और बहुत से लोगों से दिलवाया भी। तारा संस्थान के निर्माणाधीन वृद्धाश्रम में एक हाल, एक कक्ष और भूमि के लिए भी सहयोग किया। सादगी से भरे हुए श्री जैन सा. उदयपुर आए तो विनोद में कहा कि ''आपके कार्यकर्त्ता बहुत स्मार्ट हैं वो हमसे पैसा निकलवा लेते हैं।'' लेकिन हकीकत यह है कि श्री जैन सा. को पैसा देना होता है इसलिए वे देते हैं, बहाना बना बना कर देते हैं कारण निकाल कर देते हैं। यकीन ही नहीं होता कि ऐसे लोग भी होते हैं जो अपनी मेहनत की कमाई समाज के लिए देने का बहाना ढूँढ़ते हैं। यह लेख किसी को प्रेरित करने के लिए नहीं है, बस एक आदर भरा आभार है श्री जैन सा. और उन जैसे ही हमारे सारे दानदाताओं का जो देने का बहाना बनाते हैं बिना कुछ पाने की इच्छा के।

आदर सहित...!

**दीपेश मित्तल**

# आनन्द वृद्धाश्रम के बुजुर्ग दीपोत्सव की तैयारियों में हर्षोल्लासित



## आनन्द वृद्धाश्रम में कुछ मित्रता के पल



श्री कालू लाल जी व श्री चिमन भाई



श्रीमती कविता श्रीवास्तव व श्रीमती ईश्वरी देवी

आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग )

| | | |
|---|---|---|
| 01 वर्ष – 60,000 रु. | 06 माह – 30,000 रु. | 01 माह – 5,000 रु. |



अपने कर्तव्यों का पालन करे, अधिकार स्वतः आ जाएंगे।

Tara बुजुर्गों के लिए...

गौरी योजना :

## तारा से रोशन इनका मन



तारा संस्थान की
एक लाभार्थी
श्रीमती सुनिता बड़गुज़र
दीपोत्सव मनाते हुए।

1000 रु. में एक विधवा
महिला को सहयोग

शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर :

## स्कूली बच्चे रंगोली बनाते हुए



एक विधवा महिला के
बच्चे की शिक्षा हेतु वार्षिक
सहयोग - 12000 रु.

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस व दीपावली पर विशेष




## कस्तूरी - 2017, दिल्ली : दिल से युवाओं का फैशन शो

तारा संस्थान, प्रति वर्ष 60 साल से ऊपर मगर दिल से युवाओं का फेशन शो ''कस्तूरी'' आयोजित करता है। इस वर्ष कस्तूरी–2017, दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के मौके पर आयोजित किया गया जिसमें तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम के निवासियों, तारा परिवार तथा दानदाताओं ने जबरदस्त उत्साह के साथ भाग लिया। अखंड भारत की थीम पर रचित इस कस्तूरी–2017, दिल्ली में बुजुर्गों, व अन्य प्रतिभागियों ने रंग–बिरंगी पोशाकों में रेम्प–वॉक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती दर्शनी देवी (देवकी माताजी) थीं। तारा संस्थान के संरक्षक श्री सत्य भूषण जैन सा. व उनकी पत्नी श्रीमती सुषमा जी ने भी अन्य दानदाताओं के साथ रेम्प–वाक किया। इस अति–सफल आयोजन की कुछ झलकियाँ :









भोजन मित्ति
3500 रु.
1 समय
45 - 50 बुजुर्ग

**एक बुजुर्ग 5000/- प्रतिमाह, 5 बुजुर्ग 25000/- प्रतिमाह, 10 बुजुर्ग 50000/- प्रतिमाह**



जो काँटे बोते हैं उन्हें फूल की आशा कभी नहीं करनी चाहिए।



कस्तूरी - 2017, दिल्ली के शुभारम्भ का दृश्य

**आनन्द वृद्धाश्रम :**

## श्री प्रेम सिंह : नए आवासी




श्री प्रेम सिंह मूलत : उत्तर प्रदेश लखीमपुर के निवासी थे। काम धंधे की तलाश में लगभग 30 साल पहले उदयपुर के मावली में ही आकर रह गए। ये डीजल टैंकर चलाकर अपना परिवार चलाया करते थे जिसमें पत्नी सहित 4 बेटियाँ थी जो अब शादी–शुदा होकर अपने–अपने पतियों के साथ रहती हैं। इनके कोई पुत्र नहीं है। लगभग साढ़े तीन साल पहले प्रेम जी के दाएँ शरीर को लकवा मार गया जिससे लाचार होकर काम धन्धा छूट गया। आय का कोई साधन नहीं अन्य साधन नहीं। होने से बड़े समस्याग्रस्त हो गए। इसी के चलते इनकी पत्नी अपनी एक बेटी के साथ रहती हैं जबकि प्रेम सिंह जी को लगभग 3 महीने पहली तारा संस्थान के वृद्धाश्रम में भर्ती करवा दिया। अब जाकर श्री प्रेम सिंह कम–से–कम बिलकुल लाचार तो नहीं हैं। **आनन्द वृद्धाश्रम की सभी सुविधाएँ का लाभ उठाते हुए आराम से जीवन गुज़ार रहे हैं। वे दानदातओं के हृदय से आभारी हैं।**

गौरी योजना :

## श्रीमती पिंटू रावत : तारा संस्थान से इनका त्योहार रोशन



श्रीमती पिंटू रावत 3 साल पहले जब मात्र 28 वर्ष की थी तब उनके खान मजदूर पति की पीलिया से मृत्यु हो गई। इनके ससुर के कोई काम नहीं है और सास बीमार रहती है। ऊपर से पिंटू 3 छोटी–2 बच्चियों की माँ है। 5 लोंगो को पालने की जिम्मेदारी एक अनपढ़ महिला पिंटू पर अकस्मात् आन पड़ी। मरती क्या न करती, पिंटू जैसे–तैसे जहाँ भी दिहाड़ी मिलती है वहाँ काम करती है, लेकिन काम भी हमेशा नहीं मिलता, महीने में 10 दिन मात्र। इससे सारा 6 जनों का परिवार चले तो चले कैसे? कभी–कभार पारिवारिक रिश्तेदार कुछ मदद कर देते हैं लेकिन उनकी भी सीमा है, उनको भी परिवार पालने हैं–यह पिंटू समझती है। बहुत मुसीबत की मारी हुई पिंटू रावत को तारा संस्थान ने चिहिनत कर गौरी योजना में सम्मिलित कर 1000/– मासिक पेंशन देना आरम्भ किया है। अब काफी राहत है। **पिंटू तारा संस्थान के दान दाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहती है कि कृपया बच्चे बड़े हो जाएं तब तक मदद जारी रखें, धन्यवाद।**

### मात्र 1000 रु. में एक विधवा महिला को सहयोग दें

**गौरी योजना सेवा ( प्रति विधवा महिला सहायता )**

| | | |
|---|---|---|
| 01 वर्ष - 12000 रु. | 06 माह - 6000 रु. | 01 माह - 1000 रु. |

तृप्ति योजना :

## श्रीमती मोहनी बाई : इनका तन-मन, तारा को नमन



पति की मृत्यु के पश्चात् श्रीमती मोहनी बाई (65 वर्षीया) नितांत अकेली हो गई। तीन बेटियाँ थीं वो शादी–शुदा होकर अपने–2 ससुराल में रहती हैं। अब बची मोहनी बाई और उसका खाली घर। पति की मृत्यु के बाद सामाजिक कुप्रथा के चलते मृत्यु भोज एवं अन्य टोटकों हेतू हजारों रूपये उधार लिए। कोई खेती–बाड़ी नहीं सो वह जब भी कभी–कभार दिहाड़ी मिलती है तो उसे कुछ पैसे मिलने पर उधारी चुकाने के साथ–साथ दाल रोटी बड़ी मुश्किल से खा पा रही हैं। दिहाड़ी भी लगातार नहीं मिलती तो कभी–कभी भूखे मरने की नौबत आ जाती थी। ऐसी व्यथा है इस नितांत अकेली ग्रामीण वृद्धा की! तारा संस्थान को सूचना मिलने पर मोहनी बाई को तृप्ति योजना के अन्तर्गत मासिक राशन व 300 रु. नकद देना प्रारम्भ किया ताकि कम–से–कम इस वृद्धा को भूखे तो न रहना पड़े। **श्रीमती मोहनी बाई दान दाताओ के भले व लम्बे जीवन की कामना हेतु ईश्वर से प्रार्थना करती है।**

### मात्र 1500 रु. में बुजुर्ग खाद्य सामग्री हेतु सहायता करें

**तृप्ति योजना सेवा ( प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता )**

| | | |
|---|---|---|
| 01 वर्ष - 18000 रु. | 06 माह - 9000 रु. | 01 माह - 1500 रु. |



एक अच्छे अधिकारी के पाँच गुण होते हैं - सक्षमता, ईमानदारी, तत्परता, धैर्य और निष्पक्षता।

**तारा नेत्रालय विशेष :**

## श्री नारायण जी : तारा नेत्रालय द्वारा जीवन रोशन




भींडर, उदयपुर के निवासी 75 वर्षीय श्री नारायण जी खेती–बाड़ी का काम करते हैं। पिछली 4–5 महीनों से उनको दायी आँख में दिखाई देना बिल्कुल कम हो गया था। उन्हें किसी प्रकार का ज्ञान नहीं कि क्या किया जाए लेकिन संयोगवश पिछली माह उनके गांव में तारा नेत्रालय, उदयपुर द्वारा एक नेत्र शिविर आयोजित किया गया। नारायण जी के परिचितों ने उन्हें इस शिविर में भेजा जहाँ उनकी जाँच आदि के बाद उन्हें मोतियाबिन्द ऑपरेशन के पूर्णतः निःशुल्क ऑपरेशन हेतु उदयपुर तारा नेत्रालय में लाया गया। तीन दिन तक तारा नेत्रालय में रहने के बाद नारायण जी स्पष्ट देख पाते हैं **एवं समस्त निःशुल्क सेवाओं हेतु तारा संस्थान के दानदाताओं के आभारी हैं। इनके शब्दों में "वाह अन्नदाता, बहुत–बहुत धन्यवाद!"**

**तारा नेत्रालय में मरीजों की लम्बी कतार :**

## तारा नेत्रालय में इन दिनों मरीजों की भीड़




तारा नेत्रालय में इन दिनों सैकड़ों मरीजों की आवाजाही लगी हुई है। जिनको 4 नेत्र विशेषज्ञों (Opthamologist) 6 नेत्र जाँचकर्त्ताओं (Optometrists) व 15 नर्सिंग स्टाफ की सहायता से जाँच व निदान की सुविधाएँ अत्यन्त दक्षता पूर्वक दी जा रही है। गौरतलब है कि तारा संस्थान देश के 4 शहरों : उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई एवं फरीदाबाद में ऐसे नेत्रालय पूर्णत : निःशुल्क चला रहे हैं।

विनम्र अपील :

**जैसा कि आपको विदित है तारा नेत्रालय (उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई व फरीदाबाद) जरूरतमंद निर्धनों हेतु आँखों के मोतियाबिन्द के मुफ्त इलाज करते हैं। इसी प्रक्रिया में हमें अनेक महंगी मशीनों व यंत्रों की आवश्यकता पड़ती है वर्तमान में निम्न मशीनों की तुरंत आवश्यकता है, कृपया मुक्तहस्त सहयोग करें।**



### HORIZONTAL AUTOCLAVE

Horizontal Autoclaves are smart investment for hospitals and laboratories, where large volume of sterilization is required. These units efficiently meet stringent sterilization requirements and well suited for sterilizing hospital dressings and surgical instruments, rubber and plastic goods, glassware and utensils etc.

**Cost of this Machine : Rs. 3,18,000/-**



### YAG LASER

In ophthalmology, lasers are used to photocoagulate, cut, remove, shrink and stretch ocular tissues. There are numerous ophthalmic applications for YAG lasers. The most common applications are Posterior capsulotomy, Anterior capsulotomy, Peripheral iridotomy, Vitreolysis, Corneal stromalreinforcement.

**Cost of this Machine : Rs. 9,00,000/- (Taxes Extra)**

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 51000 रु.

09 ऑपरेशन - 27000 रु.

06 ऑपरेशन - 18000 रु.

03 ऑपरेशन - 9000 रु.

01 ऑपरेशन - 3000 रु.

### नेत्र शिविर सौजन्य

मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 30 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर - 151000 रु.

चश्मा जाँच - चश्मा वितरण दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.

## तारांशु (मासिक) पत्रिका में आप भी भागीदार बनें



अपने परिवार में सबसे बुजुर्ग सदस्य के साथ नई पीढ़ी के कमतर उम्र के सदस्यों के साथ फोटो हमारे साथ शेयर करें। अच्छे चुनिंदा फोटो को हम तारांशु में प्रकाशित करेंगे।



अपने परिवार में किसी स्वस्थ बुजुर्ग का फोटो शेयर करें।



अगर आपको तारांशु में प्रकाशित कोई सामग्री पसंद आई तो अपने विचार शेयर करें।

WhatsApp करें :-
95493 99993



शक्तिमान होने में बड़प्पन नहीं, शक्ति का सदुपयोग करने में बड़प्पन है।

**मासिक न्यूज अपडेट – 1 :**

## 5 सितम्बर, 2017 : शिक्षक दिवस व गणपति विसर्जन

तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा संचालित शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल ने शिक्षक दिवस व गणपति विसर्जन अनूठे प्रकार से मनाया। विद्यार्थियों और संस्थान ने अपने शिक्षकों को उपहार दिए एवं उनको सम्मानित किया। स्कूल ने गणपति महोत्सव के अंतिम दिन मिट्टी की पर्यावरण– अनुकूल गणेश प्रतिमा का मिट्टी के ही गमले में विसर्जन किया। इसी प्रकार तारा संस्थान में भी गणपति विसर्जन बड़े धूम–धाम से किया गया। समस्त तारा परिवार ने गणपति बप्पा मोरिया के जय–घोष के साथ गणेश की मिट्टी की मूर्ति का विसर्जन संस्थान परिसर में ही पर्यावरण–अनुकूल तरीके से किया।





## 5 सितम्बर, 2017 : तारा में गणपति विसर्जन



## 17 सितम्बर, 2017 : ये कच्ची बस्ती के बच्चे हैं

स्टेज पर परमफॉर्म करने वाले ये बच्चे कच्ची बस्ती के हैं। जब इनको मंच मिला तो इन्होंने ऐसी गजब की प्रतिभा मंच पर बिखेरी की सामने बैठे शहर के नामचीन स्कूलों के बच्चे भी दंग रह गए।





## 24 सितम्बर 2017 : वृद्धाश्रम में डांडिया

प्लेटिनम ग्रुप ने आनंद वृद्धाश्रमवासिओं के साथ प्रधान मंत्री के स्वच्छता अभियान के थीम पर डांडिया खेला। समस्त बुजुर्गों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया।

## 21 सितम्बर 2017 : श्रद्धांजली सभा



तारा संस्थान के वृद्ध निवासी श्री विवेकानंद खरे (61) तथा श्रीमती अंजली लाहिड़ी (71) क्रमशः 19 सितम्बर व 14 सितम्बर को स्वर्गवासी हो गए। दोनों बुजुर्ग पिछले कई वर्षों से आनंद वृद्धाश्रम में निवास कर रहे थे। समस्त आनंद वृद्धाश्रम तथा तारा परिवार दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करता है।

## 1 अक्टूबर 2017 : अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस



तारा संस्थान तथा सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग, राज–स्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर आनंद वृद्धाश्रम, उदयपुर के समस्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उनकी स्वास्थ्य जाँच करके उन्हें दवाइयाँ व चश्मे आदि वितरित किये गए।



(बाएँ से) श्री दीपेश मित्तल, डॉ. कोठारी व श्रीमती कोठारी

## विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया (VFI) का तारा संस्थान को निरंतर सहयोग आश्वासन

दिनांक 15 सितम्बर, 2017 को तारा संस्थान के सी.ई.ओ. श्री दीपेश मित्तल ने विजन फाउण्डेशन के ट्रस्टी श्री (डॉ.) कुलीन कोठारी व उनकी पत्नी श्रीमती कोठारी से मुम्बई में मुलाकात की। इस मीटिंग ने डॉ. कोठारी ने तारा संस्थान के सारे नेत्रालयों की कार्यशैली की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में भी नेत्र ऑपरेशन हेतु निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## द पोंटी चड्डा फाउण्डेशन का 156वां नेत्र शिविर

**वेव ग्रुप** के चेयरमैन श्री राजिन्दर सिंह चड्डा को उनकी कम्पनी तथा **द पोंटी चड्डा फाउण्डेशन** के सहयोग से 156 नेत्र शिविर सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने पर तारा संस्थान द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चित्र में : 156 वें शिविर स्थल : ए.बी. शुगर्स लि. गाँव – रघावा, तहसील – दसुआ, जिला – होशियारपुर (पंजाब) पर दिनांक : 29 सितम्बर, 2017 को श्री चड्डा जी।




श्री राजिन्दर सिंह चड्डा



विपरीत परिस्थितियों में भी जो ईमान, साहस और धैर्य को कायम रख सके, वही सच्चा शूरवीर है।

नेत्रालय मासिक अपडेट्स :

# मोतियाबिन्द जाँच - ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

तारा संस्थान द्वारा निर्धन वृद्ध बन्धुओं की आँखों में सामान्यतः पाये जाने वाले मोतियाबिन्द के निदान और ऑपरेशन हेतु चयन के लिए शिविर आयोजित किये जाते हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं की स्थिति अधिक ही पीड़ादायक है, क्योंकि प्रथम तो उन्हें मोतियाबिन्द–ऑपरेशन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं है एवं द्वितीय, निर्धनता उनकी चिकित्सा में बड़ा अवरोधक है। तारा संस्थान ने ऐसे निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई व फरीदाबाद स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

## दानदाताओं के सौजन्य से माह सितम्बर – 2017 के मध्य आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण

### तारा नेत्रालय, उदयपुर में आयोजित शिविर

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 08.09.2017 | श्रीमती जनक नायर, नोएडा | 17 ऑपरेशन | | | |
| 20.09.2017 | श्री मनोज कुमार जैन, सतना (म.प्र.) | 147 | 14 | 109 | 164 |

### तारा नेत्रालय, दिल्ली में आयोजित शिविर

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 16.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 209 | 11 | 69 | 142 |
| 21.09.2017 | जय श्री राम – श्रीमती मंजु गुप्ता, दिल्ली | 104 | 09 | 36 | 57 |
| 25.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 169 | 09 | 34 | 92 |
| 30.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 83 | 07 | 36 | 39 |

### तारा नेत्रालय, मुम्बई में आयोजित शिविर

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 15.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 65 | 07 | 22 | 26 |
| 21.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 46 | 06 | 19 | 22 |
| 22.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 85 | 10 | 23 | 43 |

### तारा नेत्रालय, फरीदाबाद में आयोजित शिविर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 16.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 101 | 11 | 41 | 69 |
| 28.09.207 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 72 | 08 | 20 | 45 |

## अन्य दानदाताओं के सौजन्य से देशभर में आयोजित शिविरों की झलकियाँ

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | स्थान | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 03.09.2017 | जैन समाज वैशाली, गाजियाबाद | गाजियाबाद (यू.पी.) | 178 | 08 | 82 | 165 |
| 09.09.2017 | श्रीमती सुषमा – श्री सत्यभूषण जैन, दिल्ली | साहिबाबाद, गाजियाबाद | 650 | 37 | 360 | 583 |
| 10.09.2017 | जय श्री कृष्णा | नजबगढ़, नई दिल्ली | 851 | 27 | 425 | 810 |

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | स्थान | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | वल्लभनगर, उदयपुर | 129 | 11 | 27 | 57 |
| 13.09.2017 | जय श्री कृष्णा | किराड़ी, दिल्ली | 936 | 27 | 428 | 845 |
| 15.09.2017 | जय श्री कृष्णा | किराड़ी, नई दिल्ली | 853 | 21 | 363 | 794 |
| 17.09.2017 | केंट आर.ओ. | एंड्रयूज गंज, नई दिल्ली | 617 | 21 | 368 | 572 |
| 17.09.2017 | हीरा लाल मोहन देवी रिटा गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट | हैदरपुर, दिल्ली | 789 | 11 | 415 | 689 |
| 18.09.2017 | मान कुँवर चैरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर ( राज. ) | चारगदिया, उदयपुर | 217 | 17 | 30 | 168 |
| 20.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | चारगदिया, उदयपुर | 213 | 15 | 36 | 159 |
| 23.09.2017 | वर्धमान प्लाजा | नेहरु पैलेस, नई दिल्ली | 570 | 10 | 343 | 545 |
| 24.09.2017 | जय श्री कृष्णा | सलुम्बर, उदयपुर | 196 | 14 | 109 | 164 |
| 24.09.2017 | अग्रवाल एसोसिएट प्रमोटर्स लि. | बागपत ( यू.पी. ) | 620 | 18 | 369 | 575 |
| 24.09.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | बल्लभगढ़, फरीदाबाद | 225 | 14 | 60 | 205 |
| 25.09.2017 | जय श्री कृष्णा | नांगलोई, दिल्ली | 624 | 14 | 372 | 587 |
| 26.09.2017 | जय श्री कृष्णा | बुद्ध विहार, दिल्ली | 843 | 19 | 382 | 768 |
| 30.09.2017 | जय श्री कृष्णा | सुल्तानपुरी, दिल्ली | 1120 | 26 | 532 | 987 |

## स्व. सरदार कुलबन्त सिंह चड्डाकी प्रेरणा से "The Ponty Chaddha Foundation" के सौजन्य से आयोजित शिविर


स्व. श्री पोण्टी चड्डा






| शिविर दिनांक | स्थान | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 24.09.2017 | सचखण्ड नानक धाम ( रजि. ), गुरुद्वारा रोड, इन्द्रापुरी, लोनी, गजियाबाद | 715 | 66 | 350 | 600 |
| 29.09.2017 | डी.डी.ए. ग्राउण्ड, नेताजी सुभाष प्लेस हल्दीराम के सामने, पीतमपुरा, दिल्ली | 252 | 12 | 120 | 239 |
| 29.09.2017 | ए.बी. शुगर्स लि., गाँव - रंधावा, तह. दसुआ, जिला - होशियारपुर ( पंजाब ) | 623 | 18 | 376 | 547 |

इस शिविरों में चयनित सभी रोगियों के तारा नेत्रालय, दिल्ली एवं मुम्बई में निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन करवाए गए हैं।

मानवीय सेवा सौजन्य के लिए तारा संस्थान, उदयपुर, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् वेव इन्फ्राटेक, दिल्ली के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है एवं स्व. सरदार कुलबन्त सिंह चड्डा के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।



यदि आपके पास सच्ची लगन है तो सफलता स्वयं आपके कदम चूमेगी।

स्वागत :

# तारा संस्थान में पधारे अतिथि महानुभावों का स्वागत सम्मान



श्री गोपाल कृष्णा जी के साथ
वडोदरा ( गुज. )



श्रीमती पुष्पा के. वलसाड ( गुज. ) के साथ
श्रीमती रुमा बिरला, गुड़गाँव



श्री एस.एस. गोयल
लुधियाना ( पंजाब )



श्रीमती सावित्री देवी एवं श्रीमती राजकुमारी गोयल
पुणे ( महा. )



श्रीमती एवं श्री विपिन बिहारी
झांसी ( उ.प्र. )



श्रीमती जयश्री पारिख, बीकानेर ( राज. ) एवं
श्रीमती शांता यादव, जयपुर ( राज. )

## "तारा परिवार का सौभाग्य कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया"



रोटरी क्लब दिल्ली यूनिवर्सिटी
( प्रेरक - रोटेरियन राजेन्द्र प्रसाद, कमला नगर, दिल्ली-7 )



श्रीमती एवं श्री घनश्याम गर्ग
जयपुर ( राज. )



श्री संदीप कुमार गोयल
पंचकूला ( हरियाणा )



श्री कांतिलाल मोदी
मुम्बई

## कृपया आपश्री सहमति पत्र के साथ अपनी करुणा - सेवा भेजें

**आदरणीय अध्यक्ष महोदया,**

मैं (नाम) .................................................... सहयोग मद / उपलक्ष्य में / स्मृति में ....................................................

संस्थान द्वारा संचालित सेवा कार्यों में रुपये .......................... का केश / चैक / डी.डी. नम्बर ....................................................

दिनांक .......................... से सहयोग भेजने की सहमति प्रदान करता / करती हूँ।

मेरा पता (नाम) .................................................... पिता (नाम) ....................................................

निवास पता ........................................................................................................

लेण्ड मार्क .......................... जिला .......................... पिन कोड .......................... राज्य ..........................

फोन नम्बर घर / ऑफिस .......................... मो.नं. .......................... ई–मेल ..........................

**तारा संस्थान, उदयपुर के नाम पर दान - सहयोग प्रदान करें।**

**हस्ताक्षर**

**Thanks :**

## NAME AND PLACE OF THE DONORS, WE ARE GRATEFUL TO THEM

Donors are requested kindly to send their photographs alongwith Donation for publishing in TARANSHU



Mr. Raj - Mrs. Shobha Nike
Jaipur (Raj.)

Mrs. & Mr. Jai Kumar Malviya
Ramganj Mandi, Kota (Raj.)

Mr. Arun Kumar - Mrs. Sunita Jindal
Bhatinda (PB)

Mr. A.C. Sharma - Mrs. Urmil Sharma

Mr. Brahma Swaroop - Mrs. Sita Agrawal
Moradabad (UP)



Mr. Rajendra Mohan - Mrs. Kiran Bala Saxena
Bareilly (UP)

Mr. Ishwar Dayal Garg - Mrs. Pushpa Rani
Bareilly (UP)

Mr. Ramnarayan Agrawal -
Mrs. Mithlesh Kumari Agrawal
Bareilly (UP)

Mr. Omkar Prasad Sharma -
Mrs. Phulmala Gaur, Bareilly (UP)

Mr. Nagraj Soni - Mrs. Asha Devi Soni
Madpura, Khivsar - Nagaur (Raj.)



Lt. Mr. Mojiram Kochar - Mrs. Kamla Devi
Kolkata

Principal Raghubeer Singh - Mrs. Premlata
Hosiyarpur (PB)

Mr. Rakesh Kumar - Mrs. Chanchal Agrawal
Bareilly (UP)

Mr. Krishna Murari - Mrs. Madhubala
Bareilly (UP)

Mr. Machin Kapur - Mrs. Meghna Kapur
Muradabad (UP)



Mr. Murlidhar Kejriwal - Mrs. Sudha Devi
Gorakhpur (UP)

Mr. Subhash Agrawal - Mrs. Saroj Agrawl
Kamla Nagar, Agra (UP)

Mr. Sudhir Verma - Mrs. Sarita Verma
Gorakhpur (UP)

Mr. Jaineshwar Jain - Mrs. Santosh Jain
Dehradun (UK)

Mr. Giriraj Kishore Govil
Mrs. Sneh Lata Gupta, Jodhpur (Raj.)



Mr. Khimji Rajpurohit - Mrs. Chhagan Kunwar
Rajkot (Guj.)

Mr. Sanwar Lal - Mrs. Parvati Modi
Bikaner (Raj.)


Mr. Kanti Lal Jain - Mrs. Sushila Devi Jain
Balotra - Barmer (Raj.)

Dr. Jay Prakash Kothari
Surat (Guj.)

Mr. Sushil Kumar Jain
Surat (Guj.)

Mr. Babu Lal
Bissau - Jhunjhunu

Lt. Mr. Soni Ram Gupta
Patiala (PB)



Mrs. Kalawati Devi
Hyderabad

Mr. M.V. Sethi
Mangalore (Karnataka)

Mr. Rama Pati
Pauri Garhwal (UK)

Mr. Chandra Mohan Bansal
Meerut (UP)

Mrs. Lata Jain
Delhi

Hony Capt. Roop Singh
Mandi (HP)

Mr. Ram Narayan Sharma
Jaipur (Raj.)

Mr. Jugal Kishor
Mumbai

Mr. Anand Prakash Singh
Mirzapur (UP)



Mr. Sudesh Kumar
Ludhiana (PB)

Mrs. Harsh Bala Jain
Ludhiana (PB)

Mr. Joginder Pal Jain
Ludhiana (PB)

Mr. Arun Agrawal
Moradabad (UP)

Mr. Kamalkanti Chakroborty
Karimganj (Assam)

Mr. Jayendrabhai Doshi
Morbi (Guj.)

Mr. Nayanbhai Doshi
Morbi (Guj.)

Mr. Babu Bhai Kamji Bhai
Kansagara, Rajkot (Guj.)

Mr. Dhansukh Narayan
Pandey, Bikaner (Raj.)



जिसके पास धैर्य है, वह जो कुछ इच्छा करता है, प्राप्त कर सकता है।

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation
Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

### TARA NETRALAYA - Delhi

WZ-270, Village - Nawada, Opp. 720, Metro Pillar, Uttam Nagar, Delhi - 59
Phone No. 011-25357026, +91 9560626661

### TARA NETRALAYA - Mumbai

Unit No. 1408/7, 1st Floor, Israni Indl. Estate, Penkarpara, Nr. Dahisar Check-post, Meera Road, Thane - 401107 (M.S.) INDIA
Phone No. 022-28480001, +91 7821855753

### TARA NETRALAYA - Faridabad

Bhatia Sewak Samaj (Regd.), N.H. - 2, Block - D, N.I.T., Faridabad (Haryana) 121001
Phone No. 0129-4169898, +91 7821855758

## Area Specific Tara Sadhak

**Amit Sharma**
Area Delhi
Cell : 07821855747

**Sanjay Choubisa**
Area Delhi
Cell : 07821055717

**Gopal Gadri**
Area Delhi
Cell : 07821855741

**Rameshwar Jat**
Area Gurgaon, Faridabad
Cell : 07821855758

**Kamal Didawania**
Area Chandigarh (HR)
Cell : 07821855756

**Ramesh Yogi**
Area Lucknow (UP)
Cell : 07821855739

**Narayan Sharma**
Area Hyderabad
Cell : 07821855746

**Vikas Chaurasia**
Area Jaipur (Raj.)
Cell : 09983560006

**Bharat Menaria**
Area Mumbai
Cell : 07821855755

**Suresh Kumar Lohar**
Area Mumbai
Cell : 07821855759

**Prakash Acharya**
Area Surat (Guj.)
Cell : 07821855726

**Kailash Prajapati**
Area Saurashtra (Guj.)
Cell : 07821855738

**Deepak Purbia**
Area Punjab
Cell : 07821055718

**Pavan Kumar Sharma**
Area Bikaner & Nagpur
Cell : 07821855740

## 'Tara' Centre - Incharge

Shri S.N. Sharma
**Mumbai**
Cell : 09869686830

Smt. Rani Dulani
10-B/B, Viceroy Park, Thakur Village,
**Kandiwali (W), Mumbai** - 400 101, Cell : 09029643708

Shri Pawan Sureka Ji
**Madhubani (Bihar)**
Cell : 09430085130

Shri Satyanarayan Agrawal
**Kolkata**
Cell : 09339101002

Shri Bajrang Ji Bansal
**Kharsia (CG)**
Cell : 09329817446

Smt. Pooja Jain
**Saharanpur (UP)**
Cell : 09411080614

Shri Anil Vishvnath Godbole
**Ujjain (MP)**
Cell : 09424506021

Lt. Col. A.V.N. Sinha
**Lucknow**
Cell : 09598367090

Shri Vishnu Sharan Saxena
**Bhopal (M.P.)**
Cell : 09425050136, 08821825087

Shri Dinesh Taneja
**Bareilly (UP)**
Cell : 09412287735

### Donors Kindly NOTE

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers,
Kindly inform us at Mobile No. 09549399993 and / or 09649399993

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to Tara Sansthan may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

### Tara Sansthan Bank Account

| | | |
|---|---|---|
| ICICI Bank (Madhuban) | A/c No. 004501021965 | IFSC Code : icic0000045 |
| State Bank of India | A/c No. 31840870750 | IFSC Code : sbin0011406 |
| IDBI Bank | A/c No. 1166104000009645 | IFSC Code : IBKL0001166 |
| Axis Bank | A/c No. 912010025408491 | IFSC Code : utib0000097 |
| HDFC | A/c No. 12731450000426 | IFSC Code : hdfc0001273 |
| Canara Bank | A/c No. 0169101056462 | IFSC Code : cnrb0000169 |
| Central Bank of India | A/c No. 3309973967 | IFSC Code : cbin0283505 |
| Punjab National Bank | A/c No. 8743000100004834 | IFSC Code : punb0874300 |
| Yes Bank | A/c No. 065194600000284 | IFSC Code : yesb0000651 |

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, अक्टूबर - 2017
प्रेषण तिथि - 11-18 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर

समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2015-2017
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

## तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग -सौजन्य राशि

नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 51000 रु., 09 ऑपरेशन - 27000 रु., 06 ऑपरेशन - 18000 रु., 03 ऑपरेशन - 9000 रु., 01 ऑपरेशन - 3000 रु.

### नेत्र शिविर सौजन्य

मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 30 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर - 151000 रु.
चश्मा जाँच - चश्मा वितरण - दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.

| तृप्ति योजना सेवा | गौरी योजना सेवा | आनन्द वृद्धाश्रम सेवा | वृद्धाश्रम बुजुर्गों |
|---|---|---|---|
| ( प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता ) | ( प्रति विधवा महिला सहायता ) | ( प्रतिबुजुर्ग ) | हेतु भोजन मित्ति |
| 01 वर्ष - 18000 रु. | 01 वर्ष - 12000 रु. | 01 वर्ष - 60000 रु. | 3500 रु. |
| 06 माह - 9000 रु. | 06 माह - 6000 रु. | 06 माह - 30000 रु. | ( एक समय ) |
| 01 माह - 1500 रु. | 01 माह - 1000 रु. | 01 माह - 5000 रु. | |

### एक विधवा महिला के बच्चे की शिक्षा हेतु वार्षिक सहयोग - 12000 रु.

**सहयोग राशि -** आजीवन संरक्षक 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 2 मोतियाबिन्द ऑपरेशन,
आजीवन सदस्य 11000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन ( संचितनिधि में )

**दान पर आयकर में छूट :** तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G के अन्तर्गत आयकर में 50% छूट योग्य मान्य है।

**निवेदन :** कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, अथवा : अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ICICI Bank (Madhuban) A/c No. 004501021965 | IFSC Code : icic0000045 | Canara Bank A/c No. 0169101056462 | IFSC Code : cnrb0000169 |
| SBI A/c No. 31840870750 | IFSC Code : sbin0011406 | Central Bank of India A/c No. 3309973967 | IFSC Code : cbin0283505 |
| IDBI Bank A/c No. 1166104000009645 | IFSC Code : IBKL0001166 | PNB Bank A/c No. 8743000100004834 | IFSC Code : punb0874300 |
| Axis Bank A/c No. 912010025408491 | IFSC Code : utib0000097 | YES Bank A/c No. 065194600000284 | IFSC Code : yesb0000651 |
| HDFC A/c No. 12731450000426 | IFSC Code : hdfc0001273 | Pan Card No. Tara - AABTT8858J | |

### 'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

पारस — 'पारस' रात्रि 7:40 से 8:00 बजे

आस्था भजन — 'आस्था भजन' प्रात: 8:40 से 9:00 बजे

आस्था — 'आस्था' रविवार दोपहर 2:30 बजे

संस्कार — 'संस्कार चैनल' दोपहर 2:40 से 2:55 बजे

बुक पोस्ट

Tara
बुजुर्गों के लिए...


# तारा संस्थान

डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. +91 9549399993, +91 9649399993
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org
Website : www.tarasansthan.org